>

Title: Need for contruction of a railway over bridge at Chandauli-Sakaldiha station road U.P.

श्री आनन्द रत्न मौर्य (चंदौली) : महोदय, चंदौली-सकलडिहा स्टेशन मार्ग पर रेलवे उपरिपुल के निर्माण की बहुत समय से मांग की जाती रही है, लेकिन इस बारे में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। स्टेशन मार्ग पर अक्सर भारी भीड़ रहती है जिस कारण यातायात रुका रहता है। इस मार्ग से गुजरने में बहुत अधिक समय बर्बाद होता है। उपरिपुल न होने के कारण प्रायःदुर्घटनाएं होती रहती हैं। गाड़ियों के आने पर घंटों यातायात रुका रहता है जिससे लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अतः लोगों की लंबे समय से की जा रही मांग तथा उनको होने वाली कठिनाइयों और घंटों यातायात के रुके रहने की समस्या को देखते हुए चंदौली-सकलडिहा स्टेशन मार्ग पर शीघ्र ही उपरिपुल के निर्माण की व्यवस्था की जानी चाहिए जिससे वहां से गुजरने वाले व्यक्तियों को सुविधा हो सके तथा वहां उपरिपुल न होने के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को भी रोका जा सके।